आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

दैनिक

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 80 | छतरपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई एएसआई की कार, मौके पर हुई दर्दनाक मौत

### पुलिस विभाग में दौड़ी शोक की लहर, ड्यूटी पर सागर जा रहा था एएसआई



***छतरपुर। जिले के पुलिस विभाग में सोमवार को उस वक्त शोक की लहर दौड़ गई, जब पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ एक एएसआई की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत होने की खबर सामने आई। बताया गया है कि एएसआई आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में ड्यूटी करने के लिए सागर जा रहा था, इसी दौरान मातगुवां के पास उसकी कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई और उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।***

प्राप्त जानकारी के मुताबिक आगामी 22 अक्टूबर को सागर में आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के फिजिकल टेस्ट होना है, जिसमें छतरपुर के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ लवकुश सिंह पुत्र प्रीतम सिंह चंदेल निवासी ग्राम ढड़ारी, जिला-छतरपुर की ड्यूटी लगाई गई थी। रविवार को रात करीब 12 बजे लवकुश सिंह अपनी अल्टो कार क्रमांक एमपी 17 सीबी 8115 से सागर जाने के लिए निकला था। रास्ते में उसे याद आया कि वह अपना कुछ जरूरी सामान घर पर भूल गया है। यही सामान उठाने के लिए वह वापिस छतरपुर की ओर आ रहा था तभी मातगुवां के पास स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के नजदीक उसकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक क्रमांक एचआर 63 ई 9752 से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लवकुश की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही डायल-100 पुलिस मौके पर पहुंची, जिसने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे लवकुश के शव को बाहर निकलवाया। पंचनामा कार्रवाई के बाद सोमवार को लवकुश सिंह का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया गया और इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

***एसपी और एएसपी ने परिजनों से की मुलाकात***

एएसआई लवकुश सिंह चंदेल की सड़क दुर्घटना में मौत होने का दुःखद समाचार मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक अगम जैन और एएसपी विक्रम सिंह ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। एएसपी विक्रम सिंह ने बताया कि मृतक एएसआई के परिवार को विभाग और शासन द्वारा निर्धारित सभी प्रकार की राहत तथा आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी।

## प्रदेशाध्यक्ष के जन्मदिन पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बॉबी राजा ने किया वृक्षारोपण

छतरपुर। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं होशंगाबाद सीट से सांसद दर्शन सिंह चौधरी के जन्मदिन की उपलक्ष्य में सोमवार को किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बॉबीराजा गठेवरा सहित कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया।



किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बॉबीराजा गठेवरा ने बताया कि सोमवार को सांसद एवं किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी को विशेष बनाने के लिए शहर में पौधरोपण किया गया साथ ही लोगों से अपील की गई कि विशेष अवसरों पर पौधरोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग करें। इस मौके पर किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ध्रुववर्धन सिंह, अधिवक्ता शुभम श्रीवास्तव, गौरव जैन, रवि जैन, बृजेन्द्र यादव, अश्मित खरे, नरेश तिवारी, तीरथ कुशवाहा, संतोष अहिरवार, राहुल सहित किसान मोर्चा के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अधिकारी हितग्राहियों से बात कर शिकायतों का निराकरण करें - कलेक्टर

**-कलेक्टर ने एसडीएम को ग्रामों में बिजली कटौती की जानकारी भेजने के दिए निर्देश**
**-पटवारियों को हफ्ते में एक दिन पंचायतों में अनिवार्य रूप से बैठने के निर्देश**




छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे सहित एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ नगरीय निकाय एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने कृषि एवं मार्कफेड अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में खाद की उपलब्धता बनाए रखे। उन्होंने एसडीएम को सोयाबीन उपार्जन पंजीयन के सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा खाद वितरण में कृषकों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो। साथ ही ब्लॉक स्तर पर छात्रावास, अस्पताल आदि की व्यवस्थाएं चेक करते रहने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रत्येक गांव की एक घण्टे से ज्यादा बिजली कटौती की जानकारी भेजने के निर्देश दिए।

***डेंगू की रोकथाम एवं निगरानी के निर्देश***

कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि जिले में डेंगू की रोकथाम और निगरानी के लिए ब्लॉक स्तर पर टेस्टिंग कराने और आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना प्रसूती सहायता राशि के लंबित भुगतान की समस्या को तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए। इस संबंध में बीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारी व्हीसी के माध्यम से जुड़ें ताकि शिकायतों के निराकरण का त्वरित निराकरण हो सके।

***पानी की शुद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश***

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए पानी की शुद्धता पर विशेष फोकस करने और सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए कि जिले में लॉ एण्ड ऑर्डर की स्थिति न बने। उन्होंने कहा सूचना तंत्र को मजबूत बनाएं और कानून व्यवस्था भी स्थिति सुदृढ़ रहे।

***शिकायतों के निराकरण की सही जानकारी नही डालने पर डीपीएम की वेतन रोकने के निर्देश***

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी प्रत्येक शिकायतकर्ता और हितग्राही से स्वयं बात करें और शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण तरीके से निराकरण करें। उन्होंने शिकायतों के निराकरण की जानकारी सही ढंग से अपलोड नही करने पर डीपीएम की वेतन रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से टूर डायरी भेजने के निर्देश दिए। साथ ही पटवारियों को पंचायतों में हफ्ते में एक दिन बैठने के निर्देश दिए।

***नहरों के अंतिम छोर तक पहुंचे पानी***

कलेक्टर ने सिंचाई विभाग को नहरों की साफ-सफाई एवं आवश्यक होने पर मरम्मत कराने के विशेष निर्देश दिए। साथ ही एसडीएम को निर्देश दिए कि नहर के बीच-बीच में कोई भी अवरूद्ध न हो और कोई मोटर आदि न लगाए। उन्होंने कहा कि पानी अंतिम छोर तक पहुंचे। कलेक्टर ने भू-अर्जन के मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश।

***ईकेवायसी में लापरवाही पर जनपद सीईओ को शोकॉज नौगांव सीएमओ की वेतन रोकने के निर्देश***

समग्र ईकेवायसी की समीक्षा करते हुए लवकुशनगर जनपद सीईओ की प्रोग्रेस कम होने पर नाराजगी जताते हुए प्रोग्रेस बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही ईकेवायसी में अत्यधिक कम प्रोग्रेस पर नौगांव सीएमओ की वेतन रोकने के निर्देश देते हुए पीओडूडा को निकायों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बक्सवाहा अंतर्गत कम आयुष्मान कार्ड बनाए जाने पर जनपद सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति बढ़ाने निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

# तिमाही परीक्षा के तहत सृजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुवारा में लोक शिक्षण संचनालय भोपाल के आदेश अनुसार तिमाही परीक्षा के बाद एक दिवसीय सृजन कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य बीएल प्रजापति के निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय से पासआउट नव नियुक्त डॉक्टर कुमारी नैनसी जैन चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुवारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही । तिमाही परीक्षा 2024 में कक्षा 9 से 12 तक सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 40 छात्रों को



पुरस्कार वितरित किए गए और उनके अभिभावक को सम्मानित किया गया । समस्त उपस्थित अभिभावकों को तिमाही परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई गई और उनकी प्रगति के बारे में अवगत कराया गया ।जिन छात्राओं की उपस्थिति सर्वाधिक है उन्हें बेस्ट अटेंडेंस अवार्ड से नवाजा गया। जिन छात्राओं की उपस्थिति कम है उन छात्रों के अभिभावकों को प्रेरित किया गया कि वे प्रतिदिन अपनी-अपनी छात्राओं को विद्यालय में उपस्थित कराएं तथा जिन छात्राओं के कम अंक आए हैं उन छात्राओं के अभिभावकों को सूचित किया गया कि आगामी परीक्षा हेतु बेहतर से बेहतर तैयारी करें और अच्छे अंक लाकर अपना,अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन करें। विद्यालय की प्रगति के बारे में समस्त अभिभावकों को अवगत कराया गया तथा सभी के सहयोग की अपेक्षा की गई। नैंसी जैन ने नीट की तैयारी हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। विधालय के प्राचार्य और शिक्षको द्वारा आगामी परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। रेमेडियल कक्षाओं में सभी की उपस्तिथि हेतु अनुरोध किया।

# घुवारा में कचरे में 2 दिन की बच्ची को पड़ा देख सिहर उठे पड़ोसी





**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। छतरपुर जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। आपको बता दें कि घुवारा नगर के वार्ड नंबर 6 में किसी ने 2 दिन की बच्ची को कचरे में फेंक दिया। घटना की जानकारी तब मिली जब वार्ड के लोगों को कचरे के ढेर में से एक बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद लोगों ने सक्रियता दिखाते हुए तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को इसकी खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस और लोगों ने बच्ची को कचरे से निकाला और तत्काल इलाके के सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया. अस्पताल में बच्ची का इलाज के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है। डॉक्टरों की मानें तो, बच्ची की हालत फिलहाल स्थिर है और उसकी पूरी देखभाल की जा रही है. हालांकि बच्ची की हालत में सुधार हो रहा है लेकिन फिर भी डॉक्टरों की टीम उसकी सेहत पर बारीकी से नजर बनाए हुए है।

***सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस***

पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने आसपास के CCTV फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि बच्ची को कचरे में फेंकने वाला कौन है? पुलिस इस मामले में गहनता से छानबीन कर रही है और जल्द से जल्द दोषियों को पकड़ने में जुट गई है।

वहीं नगरवासियों ने तो इस मामले में गहरी नारजगी जताई है। बच्ची को कचरे में पड़ा देख हर किसी की जुबान पर एक ही सवाल था कि आखिर कोई ऐसे कैसे कर सकता है? ऐसा करते समय आरोपी के हाथ नहीं कांपे होंगे क्या? लोगों ने इंसानियत को तार-तार करने वाले इस कृत्य की कड़ी निंदा की है और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बॉलीवाल की नेशनल चैम्पियनशिप में खेलेंगे छतरपुर के पांच खिलाड़ी



छतरपुर। जिले के पांच खिलाड़ी बॉलीबॉल की नेशनल प्रतियोगिता में खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इंडियन गेम्स एंड स्पोर्टस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 11वीं नेशनल वॉलीबाल प्रतियोगिता 15 और 16 अक्टूबर को आईपीएस कॉलेज ग्वालियर में आयोजित की जा रही है जिसमें एक्सीलेंस स्कूल के तीन खिलाडियों प्राची साहू, देशना जैन, अभिषेक अहिरवार का चयन किया गया है वहीं चैतन्य मिश्रा एवं श्रद्धा सोनी भी चयनित होकर नेशनल प्रतियोगिता में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। पांचों खिलाड़ी नेशनल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को ग्वालियर रवाना हो गए हैं। गौरतलब है कि इन खिलाडियों ने बॉलीबाल का प्रशिक्षण एक्सीलेंस स्कूल से सेवानिवृत्त खेल प्रशिक्षक बृजेंद्र द्विवेदी के मार्गदर्शन में प्राप्त किया है। सेवानिवृत्त खेल प्रशिक्षक भारत भूषण मिश्रा एवं बृजेंद्र द्विवेदी ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# दशहरा मिलन समारोह को लेकर खंगार क्षत्रिय समाज की नौगांव में हुई बैठक

परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर/खंगार क्षत्रिय समाज सेवा विकास संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सिंह खंगार (नन्ना जी) के संरक्षण में,राष्ट्रीय महासचिव एवं जिले के प्रभारी ऐडवोकेट लोकेंद्र सिंह परिहार ओरछा ज़िला निवाड़ी,छतरपुर जिले के वरिष्ठ जनों की अनुशंसा,जिले के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह (कल्ली राय) ,प्रदेश संगठन प्रभारी विजय सिंह (शिक्षक),जिला अध्यक्ष के युवा पत्रकार कुलदीप सिंह राय के द्वारा समाज की आम सभा बलभद्र पुस्तकालय नौगांव जिला छतरपुर में आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती,मां गजानन की वंदना कर पुष्प अर्पण किए गए समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा मां गजानन और महाराजा खेत सिंह खंगार के चित्र पर माल्यर्पण



किया।समाज के वरिष्ठ जनों का युवाओं द्वारा माला पहनाकर सम्मान किया गया साथ ही पहुंचे सभी समाज के बंधुओ ने एक दूसरे को तिलक लगाकर दशहरा की बधाई दी,कार्यक्रम का संचालन समाज सेविका शिल्पी राय द्वारा किया गया उन्होने मातृ शक्ति को आगे आने की बात कही, जिला अध्यक्ष कल्ली राय ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी समय में होने वाले समाज का दशहरा मिलन एवं परिवार मिलन समारोह है जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सिंह खंगार (नन्ना जी) स्वयं पधारेंगे, वरिष्ठ जनों ने विचार विमर्श कर सभी की सहमति से दिनांक 27/10/2024 को दशहरा मिलन समारोह कार्यक्रम स्थल नातीराजा पैलेस धोर्रा मंदिर के पास नौगांव जिला छतरपुर निर्धारित किया गया।बैठक के संबंध में सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग भी दिया गया। समाज के वरिष्ठ संरक्षक मंगल सिंह दाऊ ने कहा सर्वप्रथम समाज में गुटबाजी बंद होना चाहिए इससे समाज का विकास अवरूद्ध होता है एकता में ही शक्ति है वरिष्ठ संरक्षक धर्मेंद्र सिंह खंगार ने बताया कि जिले में चल रहे समाज के ग्रुप में चन्द लोग असभ्यता पूर्ण बर्ताव करते इस पर अंकुश लगना चाहिए ग्रुप में सभी को मर्यादा में तरीके से बात करना चाहिए अगर इन चीजों पर अंकुश नहीं लगता है तो वरिष्ठ जनों द्वारा ऐसे ग्रुप को छोड़ दिया जाएगा या वरिष्ठों द्वारा ऐसे व्यक्ति को रिमूव कर दिया जाएगा साथ हि उन्होंने कहा कि महाराज खेत सिंह की प्रतिमा छतरपुर जिले में कहीं लगे इसकी चर्चा पूर्व में भी हो चुकी है जल्द कहीं प्रतिमा लगे इसकी सभी ने सहमति व्यक्त करी,श्री शिवराम जी दौरिया ने कहा कि हमें संगठित रहते हुए कार्य करना चाहिए, पूर्व जिला अध्यक्ष परमवीर सिंह ने कहा कि किसी भी आयोजन को करने के लिए अर्थ की जरूरत पड़ती है तो समाज के सभी लोगों को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आर्थिक सहयोग करना चाहिए। युवा जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह राय ने कहा की जितने लोग आज आमसभा में आए हुए हैं वह सभी छतरपुर जिले के अहम कार्यकारिणी के सदस्य हैं आगे जो भी कार्यक्रम खंगार क्षत्रिय समाज सेवा विकास संघ द्वारा रखे जाते हैं तो सभी को उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाना है सभी वरिष्ठों की एक और आम सहमति बनी कि जो जिस गांव,नगर, और तहसील का है वह प्रयास करे उसी स्तर पर समाज को मजबूत बनाने का कार्य करे साथ ही यह भी चर्चा हुई कि बैठक में आए लोग ज्यादा से ज्यादा लोगों से समाज के लोगों से संपर्क करके इस आयोजन के बारे में अवगत कराए ताकि लोग अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो सके और स्वेच्छा अनुसार आर्थिक सहयोग कर आयोजन को सफल बनाए और संगठन को मजबूत करे। युवा शक्ति कपिल खंगार लुगासी ने कहा की समाज को संगठित होकर काम करने की जरूरत है,सभी वरिष्ठों ने सबसे अधिक अपने बच्चों को शिक्षा,स्वच्छ आहार,अच्छे संस्कार,अच्छा आचरण,सभी को नियमित दिनचर्या में योगा-व्यायाम आदि को जोड़ना चहिए, साथ हि नशा इत्यादि से दूर रहने पर बहुत जोर देने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में समाज के जिम्मेदार वरिष्ठजन और युवा पहुंचे। इस प्रतिनिधि बैठक की अध्यक्षता घनश्याम आर आई साहब ने की, मंगल सिंह दाऊ (रिटा.एमपी पुलिस),समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष परमवीर सिंह राय(आर आई)छतरपुर,शिल्पी राय समाज सेवी नौगांव, अमर सिंह राय (शिक्षक),धर्मेद्र सिंह खंगार(शिक्षक),मूलचंद्र बाबू जी कलेक्ट्रेट, इंजी.रविकरण सिंह राय, राजेन्द्र वर्मा छतरपुर, डॉ.अरविंद वर्मा,मोहन सिंह फ़ौजी छतरपुर, महेन्द्र सिंह वर्मा ( से.नि.पशु चिकित्सा विभाग) लुगासी, नौगांव, शिवराम सिंह राय दौरिया, गोविंद सिंह राय लेवा हाल नौगांव, मनबसंत सिंह राय (शिक्षक) नौगांव,रविशंकर राय छतरपुर (फॉरेस्ट विभाग)सुरेन्द्र सिंह राय महेबा,राजेन्द्र कुमार राय(दौरिया),गजराज सिंह राय, नरेंद्र सिंह राय छतरपुर, जय सिंह खंगार क्षत्रिय लाड़पुर हाल छतरपुर, जितेंद्र सिंह राय छतरपुर, नागेंद्र सिंह राय नौगांव,वीरेंद्र सिंह राय छतरपुर,भान सिंह राय वीरपुरा नौगांव,सीताराम राय (शिक्षक) दोरिया,सुरेंद्र सिंह राय (MPP)पनवाड़ी हाल निवास छतरपुर,इंजी.उदय सिंह राय दिगोड़ा हाल निवास छतरपुर, कपिल खंगार लुगासी,नरोत्तम राय वीरपुरा,लोकेंद्र सिंह राय वीरपुरा,अमर सिंह वीरपुरा, अभय सिंह,कपिल राय बीरपुरा कार्यक्रम की अंत में अमर सिंह राय शिक्षक ने उपस्थित हुए सभी महानुभावों का आभार स्वरूप समापन पर धन्यवाद व्यक्त किया।

# जब काम रोकने को कहा गया तो कर्मचारियों द्वारा एफआईआर की धमकी दी जा रही है-सीताराम ठाकुर

### -नुकसान भरपाई की मांग को लेकर तहसील कार्यालय के गेट पर किसानों ने दिया धरना
### -किसानों ने कहा बीच खेत में से डाली जा रही नल-जल योजना की पाइपलाइन





राजेश बबेले

*परिहार गर्जना न्यूज। बीना/नुकसान भरपाई की मांग को लेकर तहसील कार्यालय के गेट पर किसानों ने दिया धरनाः किसानों ने कहा बीच खेत में से डाली जा रही नल-जल योजना की पाइपलाइन,सीताराम ठाकुर ने कहा कि जब काम रोकने को कहा गया तो कर्मचारियों द्वारा एफआईआर की धमकी दी जा रही है,उल्लेखनीय है कि बीना के ग्रामीण इलाके में नल-जल योजना की पाइप लाइन डाली जा रही है।जिससे किसानों को हो रहे नुकसान की भरपाई के लिए भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन ने तहसील कार्यालय के गेट पर धरना देकर तहसीलदार सुनील शर्मा को ज्ञापन सौंपा है।*

बीना के बेरखेड़ी माफी गांव में प्रधानमंत्री नल-जल योजना के तहत किसानों के खेत में से पाइप लाइन डाली जा रही है। कुछ जगह पर पाइप लाइन खेत के बीच में से डाली जा रही है। किसानों का कहना है इस समय मिट्टी नरम होती है। भारी वाहन से खेत में खुदाई होने से यहां जमीन पर फसल होना मुश्किल है। यह कार्य गर्मी में होना चाहिए। ज्ञापन में किसानों को होने वाले फसल के नुकसान का सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की गई है। किसानों ने सात दिनों में मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। किसान सीताराम सिंह ठाकुर ने बताया कि कंपनी के कर्मचारियों से जब काम रोकने को कहा गया तो कर्मचारियों द्वारा एफआईआर की धमकी दी जा रही है जो अनुचित है। यदि किसान को परेशान किया गया तो किसान यूनियन काम को बंद कराएगा। साथ ही धमकी देने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए किसानों के गेट पर बैठने से आने जाने लोग परेशान हुए। इसके बाद तहसीलदार सुनील शर्मा मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी इस दौरान सुरेंद्र सिंह, डालचंद, बलवीर सिंह ठाकुर,पुष्पेंद्र सिंह, अजवीर सिंह ठाकुर, रमन सिंह मौजूद थे।

# नवरात्रि नव दिन माई, दशम दिन विदाई, विसर्जन मां चली, गाने की धुन पर नम आंखों से भक्तों ने दी माता रानी की विदाई

### शारदीय नवरात्रि का विसर्जन महोत्सव शनिवार रविवार सोमवार 3 दिन तक लगातार रहा जारी





परिहार गर्जना न्यूज। बीना/नवरात्रि नव दिन माई, दशम दिन विदाई, विसर्जन मां चली, गाने की धुन पर नम आंखों से भक्तों ने दी माता रानी की विदाई। शारदीय नवरात्रि का विसर्जन महोत्सव शनिवार रविवार सोमवार 3 दिन तक लगातार रहा जारी।गौरतलब है कि शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ की साथ बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मां दुर्गा जी की जगह-जगह स्थापना की गई थी 9 दिन की धूमधाम के बाद शनिवार विजयदशमी को जगह-जगह हवन पूजन के बाद दोपहर से माता की विदाई की तैयारी होने लगी और लोगों ने पलक पांवड़े बिछाकर गाजे वाजे के साथ मां की विदाई शुरू हो गई थी लोगों में जहां उत्साह देखा गया वहीं पर मां को विदाई देने में कई लोगों की आंखें भी नम देखी गई। नगर पालिका प्रशासन द्वारा मोतीचूर घाट उत्थान समिति के माध्यम से देव रघुनाथ बड़ा मंदिर मोतीचूर घाट पर विसर्जन की पूरी तैयारी की गई थी। विसर्जन घाट को आधुनिक लाइटोंके माध्यम से सजाया गया था। अनुविभागीय अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार सुनील शर्मा, नायब तहसीलदार, हेमराज मेहर, सुशील खरे, अनुविभागी अधिकारी पुलिस नीतेश पटेल, थाना प्रभारी अनूप यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश जगनेरिया एवं उनकी टीम, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार आदि की कुशल निर्देशन में मूर्तियों का शांतिपूर्ण ढंग से विसर्जन किया गया।

पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद पहली बार देखने में आया है कि पुलिस प्रशासन द्वारा दशहरा के पूर्व ही बलवा मार्क ड्रिल के माध्यम से जनता को शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम संपन्न करने का संदेश दे दिया था। शहर के चप्पे-चप्पे पुलिस तैनात रही और यही परिणाम रहा की शांतिपूर्ण ढंग से दशहरा का महत्वपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

***झाकियां का हुआ जगह-जगह स्वागत***

मां दुर्गा जी के विसर्जन के समय नगर मेंजगह-जगह टेंट लगाकर झांकियां का स्वागत किया गया जिम नेतागण, समाजसेवी संस्थाओं द्वारा निकलने वाली झांकियां का रोक कर उनका पुष्पमाला पहनकर एवं नारियल भेंट कर स्वागत किया गया।

# थाना प्रभारी बबीता कठेरिया ने 7 साल से फरार अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा



परिहार गर्जना न्यूज। बीना/थाना प्रभारी टीआई बबीता कठेरिया महीनों से एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए प्रयासरत थी ड्ढ जिसके फल स्वरुप जीआरपी बीना को सफलता प्राप्त हुई हैं ड्ढ आरोपी राजू रैकवार अपने भाई की तेरहवीं में शामिल गुजरात से बीना आया था, टीआई ने मुखबिर की सूचना पर स्वयं टीम गठित कर सुभाष वार्ड-बीना पहुंची, जिसके बाद कई सालों से फरार स्थाई वारंटी अपराधी राजू को दबिश देकर गिरफ्तार किया ड्ढ आरोपी के खिलाफ थाना जीआरपी बीना मे अपराध क्रं .237/16 धारा 380 आईपीसी के अंतगर्त दर्ज हैं ड्ढ उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक बबीता कठेरिया, आरक्षक सचिन श्रीवास्तव व सौरभ श्रीवास्तव की सराहनीय भूमिका रही।

# महिला सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण है सिया दीपाली महोत्सवः डॉ.एमपीएन खरे




छतरपुर। कहा जाता है सुव्यवस्थित एवं सुसंस्कारिक समाज की आधारशिला महिलायें होती हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने में शासन स्तर पर भी अनेकों प्रयास किये जा रहे हैं। आज हमारे समाज की जो स्थिति बदली है उसमें महिलाओं का भी योगदान रहा है। इसी कड़ी में छतरपुर की कुछ महिलाओं द्वारा विगत 4 वर्षों से एक अनूठा प्रयोग किया जा रहा है जिसे दिन प्रतिदिन नया आयाम भी मिल रहा है। सिया दीपाली महोत्सव महिलाओं द्वारा किया गया एक ऐसा प्रयोग है जो उन्हें स्वावलंबी तो बना ही रहा है इसके साथ ही समाज में महिलाओं के सशक्त होने का भी संदेश दे रहा है। इस आयोजन की सफलता यह है कि इसमें प्रतिदिन प्रतिभागी महिलाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। रविवार शहर के शहनाई गार्डन में इस वर्ष भी सुप्रसिद्ध चिकित्सक एम.पी.एन.खरे द्वारा विधिवत पूजा अर्चन एवं फीता काटकर सिया दीपाली महोत्सव का शुभारंभ किया गया। यह महोत्सव आगामी दो दिनों तक यानि सोमवार, मंगलवार को भी आयोजित होगा। इस वर्ष महिलाओं द्वारा इस महोत्सव में जहां पिछले वर्षों की तुलना में नवीन परिधान, दैनिक उपयोग में आने वाली सामग्रियां, पूजन सामग्रियां, सौन्दर्य प्रसाधन की वस्तुयें, फोटो फ्रेम कलेक्शन, पर्सनलाईज्ड सामग्रियां जैसी अनेकों स्टॉल बिक्री हेतु लगाये गये हैं। गौरतलब है कि इनमें बहुत ही सामग्रियां ऐसी हैं जो इन महिलाओं द्वारा स्थानीय स्तर पर तैयार की गयी हैं। इसके साथ ही इन सामग्रियों को इन महिलाओं द्वारा प्रदेश स्तरीय प्रदर्शनियों में बिक्री हेतु प्रदर्शित किया जा चुका है। वेस्ट मटेरियल से तैयार होनी वाली अनेकों सामग्रियां भी इस प्रदर्शनी में बिक्री हेतु लायीं गयी हैं। वस्त्रों का भी प्रभावी कलेक्शन इस प्रदर्शनी में मौजूद है जो महिलाओं को काफी आकर्षित कर रहा है। महत्वपूर्ण यह है कि इन महिलाओं द्वारा यह सारे काम ऑन लाइन भी किये जा रहे हैं, जिससे उन्हें जहां भारतीय मानचित्र पर पहचान मिल रही है वहीं उन्हें स्वावलंबी बनने की दिशा में मजबूती प्रदान कर रहा है। इस बार रीबर्थ बाई पल्लवी गुप्ता द्वारा परिधानों का कलेक्शन, भावना अग्रवाल द्वारा दिव्या नेचुरल्स के नाम से वेस्ट मटेरियल से निर्मित सामग्रियां, सृष्टि फैशन, इंद्रा हेंडलूम, केजी क्राफ्ट लवर, सखी, द बाई स्टेशन, तमसा आर्टीफेक्स, श्री क्रियेशन, बरकत एवं श्री श्याम जयपुरी मटेरियल के नाम से स्टॉल लगाये गये हैं जो महिलाओं को खरीदी के लिये आकर्षित तो कर ही रहे हैं वहीं उनमें भी एक नई सोच विकसित कर रहे हैं।

# बेजा कब्जा हटाने चला बुल्डोजर, दुकानों की ढही दीवारें, टूटी जालियां

## नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनहरे की पहल को नागरिकों ने सराहा





**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। शहर की सडक़ें और गलियारों से लेकर कई इलाकों में दबंगों और असरदार लोगों ने सरकारी जमीनों पर जहां अवैध कब्जा कर रखा है, वहीं नगर पालिका द्वारा दी गई दुकानों के सामने अतिक्रमण कर आम लोगों को परेशानी में डाला जाने लगा है। शहर के अति व्यस्त चौराहों एवं मार्गों पर बने फुटपाथों को बाजार का रूप दे डाला है, जिससे पैदल चलने वालों को हादसों का शिकार होना पड़ रहा है। फुटपाथों को मुक्त न किए जाने और अतिक्रमणकारियों को मौन स्वीकृति दिए जाने से लोगों में नाराजगी बनी हुई है। ऐसे में नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार एवं नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति सुनहरे ने अतिक्रमण से शहर को मुक्त करने मुहिम शुरू कर लोगों को राहत पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। बताया गया है कि नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने की मुहिम अपने कार्यालय के समीप बनी हुई दुकानों से शुरू की गई है। बताया गया है कि शहर में आज सोमवार को नगर पालिका का बुलडोजर चला। इस दौरान तमाशबीनों का अच्छा खासा मजमा लगा रहा। नपा अमले ने कलेक्ट्रेट के सामने बनी नगर पालिका की दुकानों की गैलरी से अवैध कब्जा हटाया है। करीब एक दर्जन दुकानदारों ने दुकान के आगे बनी गैलरी पर पक्का निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया था। नगर पालिका ने दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए थे, लेकिन दुकानदारों ने अवैध कब्जा नहीं हटाया था। नगर पालिका दफ्तर के ठीक बगल में नगर पालिका की ओर से दुकानों का निर्माण कराया गया था। दुकानों के आगे और पीछे लोगों की सुविधा के लिए करीब 10 फीट चौड़ी गैलरी बनाई गई थी। दुकानों के आगे बनी गैलरी खाली है, जबकि पीछे बनी गैलरी पर दुकानदारों ने पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा जमा लिया था। करीब एक दर्जन दुकानदारों ने गैलरी पर अधिक्रमण कर पूरी तरह से बंद कर दिया था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनेरे के निर्देश पर करीब 15 दिन पहले दुकानदारों को नोटिस जारी किए थे। नोटिस के माध्यम से दुकानदारों को गैलरी से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके दुकानदारों ने गैलरी से कब्जा नहीं हटाया।

***एक घंटे चली कार्रवाई-***

सोमवार दोपहर करीब 1ः 30 बजे नगर पालिका अमले ने जेसीबी मशीन से गैलरी पर बना पक्का निर्माण तोड़ दिया। जैसे ही नगर पालिका की कार्रवाई शुरू हुई तो दुकानदारों में हडक़ंप मंच गया। आनन-फानन में दुकानदार ने गैलरी में रखा सामान हटाना शुरू कर दिया। इस दौरान जेसीबी से गैलरी पर बनी पक्की दीवारें और लोहे की जालियां तोड़ दी गई। नपा की कार्रवाई से दुकानदारों का गैलरी में रखा काफी सामान खराब हो गया। करीब 1 घंटे चली कार्रवाई में आधा दर्जन से ज्यादा दुकानों का अवैध कब्जा हटा दिया गया है।

# टीएल बैठक में नायब तहसीलदार मनीष जैन हुए अचानक बेहोश

## अधिकारियों की मदद से पहुंचे जिला अस्पताल, उपचार जारी

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। टीएल की बैठक हो और अधिकारियों एवं कर्मचारियों में किसी प्रकार का तनाव न हो, यह कहां संभव है। कामकाज में बरती जाने वाली लापरवाही और खामियों पर होने वाली चर्चा के पहले ही लोगों की धडक़नें तेज होने लगती है। यहां आज तो बैठक के पहले ही सनसनी फैल गई। एक अधिकारी तो बैठक के बीच में ही बेहोश हो गए। उनके बेहोश होते ही बैठक में मौजूद अधिकारियों में सनसनी फैल गई। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। हालांकि अब उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। उनके बेहोश होने के पीछे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। बताया गया है कि शहर के कलेक्ट्रेट दफ्तर में सोमवार को टीएल बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर अवधेश शर्मा की मौजूदगी में चल रही बैठक के दौरान नायब तहसीलदार मनीष जैन को अचानक सीने में दर्द होने लगा। वे अपनी कुर्सी पर बेहोश होने लगे। जैसे ही उनके आसपास बैठे अन्य कर्मचारियों ने देखा तो तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद मनीष जैन को आईसीयू में भर्ती किया गया है। दरअसल, प्रत्येक सोमवार को कलेक्ट्रेट दफ्तर में टीएल बैठक का आयोजन किया जाता है। आज कलेक्टर की उपस्थिति में चल रही बैठक के दौरान टाइम लिमिट में होने वाले कामों की समीक्षा की जा रही थी। इसी दौरान नायब तहसीलदार मनीष जैन के सीने में दर्द होने लगा। उनके आसपास बैठे कर्मचारियों ने जैसे ही उन्हें कुर्सी पर बेहोश होते हुए देखा, तो तुरंत अधिकारियों को इसके बारे में बताया। कलेक्टर ने तत्काल तहसीलदार गोविंद सिंह ठाकुर सहित अन्य कर्मचारियों के साथ नायब तहसीलदार मनीष जैन को जिला अस्पताल भेजा। अस्पताल में तत्काल उन्हें आईसीयू में ले जाया गया। जांच के बाद डॉक्टर ने गैस का दर्द बताया है। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें भर्ती किया गया है। तहसीलदार गोविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि ईसीजी और अन्य जांच रिपोर्ट में हालत सामान्य आई है। फिलहाल उन्हें डॉक्टरों की निगरानी में आईसीयू में रखा गया है। बताया गया है कि श्री जैन इन दिनों कलेक्ट्रेट में सीएम हेल्पलाइन का काम देख रहे हैं। बताया गया है कि नायब तहसीलदार मनीष जैन वर्तमान में कलेक्ट्रेट में पदस्थ हैं। इसके पहले वे मोहनगढ़ तहसील में पदस्थ रहे। फिलहाल कलेक्ट्रेट में सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य विभाग की शिकायतों के काम देख रहे हैं। अटैक आने के पीछे के कारणों को लेकर कई प्रकार की अटकलें लगाई जा रही है। उनकी अचानक हुई इस बीमारी के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



# पाल समाज के विकास के लिए कोई भी कसर नहीं छोडूंगा- यादवेंद्र सिंह



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पाल समाज के विकास के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी। समाज के साथ में हमेशा खड़ा रहता हूं, जब भी किसी भी समय कोई भी जरूरत पड़ेगी, मैं उसके लिए हमेशा मदद करने के लिए तैयार रहूंगा। यह विचार यहां सामुदायिक भवन के भूमि पूजन अवसर पर मुख्य अतिथि यादवेन्द्र सिंह ने व्यक्त किए। बताया गया है कि पाल धर्मशाला रेलवे स्टेशन के सामने टीकमगढ़ में रविवार को 10 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे सामुदायिक भवन का भूमि पूजन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक यादवेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक यादवेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि सूर्य प्रकाश मिश्रा सहित अनेक अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र सिंह परिहार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद पाल महासभा के जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह पाल और युवा जिला अध्यक्ष हरदयाल सिंह पाल, संतोष पाल जिला उपाध्यक्ष, प्रकाश पाल, मथुरा प्रसाद पाल, बबलू पाल, हरचरण पाल ने विधायक का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही पगड़ी बांधकर और देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया। इसके बाद ग्राम पंचायत अनंतपुरा सरपंच कमलेश अहिरवार का भी पाल समाज के कार्यकर्ताओं ने शाल श्रीफल देकर सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाल महासभा के जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह पाल और पाल महासभा के युवा जिला अध्यक्ष हरदयाल सिंह पाल ने विधायक यादवेंद्र सिंह द्वारा के लिए 10 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण के लिए जो राशि स्वीकृत कराई है। उनके प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर विधायक यादवेंद्र सिंह ने भूमि पूजन किया। साथ ही देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा के लिए भी 25 हजार की नगद राशि देने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता रतिराम पाल, हरचरण राजपाली, सियाराम पाल नाना, मथुरा प्रसाद पाल, बबलू पाल सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे।

# मनोहर सिंह होंगे टीकमगढ़ के नए पुलिस कप्तान, काशबानी पहुंचे विदिशा

## श्री काशबानी के तबादले की खबर से आम लोगों में मायूसी



टीकमगढ़। पुलिस कप्तान रोहित काशबानी के तबादले के बाद लोगों में मिलीजुली प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है। उनके व्यवहार और सादगी की लोगों ने खुले हृदय से प्रशंसा की है। श्री काशबानी का नाम यदि कुछ बिंदुओं को छोड़ दें तो एक सफल कप्तान के रूप में लिया जाएगा। उनके कार्यकाल में जिस तरह से बढ़े-बढ़े मामलों का एसपी स्क्वायड ने खुलासा किया है, वह उनके कुशल नेतृत्व क्षमता को ही दर्शाता है। वहीं संबन्धित थानों द्वारा बरती गई ढील को एक खामी के रूप में देखा जा सकता है। हालांकि श्री काशबानी ने समय-समय पर थानों का निरीक्षण कर हालातों को सुधारने का प्रयास किया है। श्री काशबानी ने आम जनता की समस्याओं का निराकरण करने एवं लोगों से सीधे संवाद करने में कभी किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी। देखा जाए तो एक-दो थानों को छोडक़र अधिकांश थानों की कार्यशैली चुस्त और दुरूस्त रही। उन्होंने यहां अपराधियों एवं असमाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने में कामयाबी हासिल की। सूत्रों की मानें तो जिले की अमन शांति को बनाए रखने में पुलिस अधीक्षक ने सराहनीय पहल की और तीज-त्यौहारों पर जिस तरीके से इंतजाम किए गए, उनकी लोगों ने मुक्त कंठ से सराहना की है। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक रोहित काशबानी का जिले से जाना लोगों को रास नहीं आ रहा है। वहीं यह भी सत्य है की कोई भी अधिकारी एक ही स्थान पर अपनी संपूर्ण सेवाएं नहीं दे सकता। कहा जा रहा है कि उनके स्थान पर यहां के नए पुलिस अधीक्षक अब मनोहर सिंह मंडलोई होंगे। श्री मंडलोई सेना 29 वीं वाहनी विसवल, दतिया से स्थानांतरित होकर यहां पुलिस अधीक्षक का पदभार संभालेंगे। बताया गया है कि गृह विभाग द्वारा बीते रोज देर रात तीन जिले के कप्तान बदले गए। राज्य शासन ने रविवार की रात 3 जिलों के पुलिस अधीक्षक बदल दिए। गृह विभाग के आदेश अनुसार टीकमगढ़ एसपी रोहित काशवानी को विदिशा एसपी बनाया गया है। वहीं, मनोहर सिंह मंडलोई को टीकमगढ़ एसपी बनाया गया है। विदिशा एसपी दीपक कुमार शुक्ला को सीहोर एसपी की जिम्मेदारी दी गई है।

# गोचर की जमीन जोतने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

## एक दर्जन से अधिक घायल, सरपंच द्वारा किया गया हमला





**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के धरमपुर थाना अन्तर्गत ग्राम भसुड़ा, बैरहा, में स्थित गोचर जमीन जिस पर उक्त ग्राम के किसानो द्वारा कई वर्षो से मवेशी चरा रहे थे, तथा उसी जमीन पर ग्राम के लोगो का निस्तार होता था, उक्त जमीन लगभग 70 बीघा है, जिसमें ग्रामवासी मवेशियों, भैसों को चराने के लिए उपयोग करते थें। लेकिन उक्त जमीन पर सिंहपुर ग्राम पंचायत के सरपंच योगेन्द्र धुरिया उर्फ रसगुल्ला की नजर लग गई तथा सरपंच द्वारा उक्त जमीन पर अवैध कब्जा करने की योजना बनाई एवं दिनांक 13 अक्टूबर 2024 को चार ट्रैक्टर लेकर जिसमें लगभग डेढ सौ लोग थें, जो की पंहुचकर जोतना प्रारंभ कर दिया। जिस बात का विरोध ग्रामवासीयें द्वारा किया गया। तो संबंधितो द्वारा मारना पीटना प्रारंभ कर दिया एवं लाठी, डंडो एवं कुल्हाड़ी से पीटना चालू कर दिया। जिसमे लगभग 1 दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है। जिसमें तीन लोगो का ईलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। विवाद भारी बड़ गया तथा दोनो ओर से मारपीट होने लगी। घटना की सूचना धरमपुर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस के पंहुचने पर ही आरोपी घटना स्थल से भागें। मामले के संबंध में फरियादी गोपीचन्द्र पाल पिता शिव प्रताप पाल उम्र 50 साल निवासी बजरंगपुर थाना धरमपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि, खेती किसानी का कार्य करता हूं, हुमउआ हार नदी किनारे भैसे चरा रहा था तथा मेरे साथ गांव के मड़ियापाल जागेश्वर, कमलेश, घनश्याम, भरत, सहित अन्य लोग भी भैसे चरा रहे थें, उसी दौरान सिंहपुर सरपंच योगन्द्र धुरिया, उर्फ रसगुल्ले, पप्पू राजा, दयाराम यादव, रज्जू कोरी, बुद्धु कोंदर, राम जीवन अहिरवार, लालमनि कोरी, आनन्दी अहिरवार, लल्लू कोरी, बिज्जू गुप्ता, बबलू, आदि लोग ट्रैक्टर लेकर आये एवं उक्त गोचर जमीन को जोतने लगें। हम लोगो के द्वारा मना करने पर योगेन्द्र धुरिया, पप्पू राजा तथा उनके अन्य साथियों द्वारा लाठी, डंडो, कुल्हाडी आदि से हमला कर दिया गया। जिसमें अनेक लोग घायल हुए है, उक्त मामले में एक दर्जन लोगो का पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। जिसमें अपराध क्रमांक 0260/2024 धारा 115 (2), 296, 351, 191 (2), 191 (3), 190 तथा जिनको आरोपी बनाया गया है। उनमें योगेन्द्र धुरिया, पप्पू राजा, जयराम यादव, रज्जू कोरी, बुद्धु कोंदर, रामसंजीवन अहिरवार, लालमणि कोरी, आनन्दि अहिरवार, लल्लू कोरी, विज्जु गुप्ता आदि।

## तीन माह से ग्रामवासीयों को नहीं मिल रहा राशन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जहां एक ओर शासन द्वारा गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा वही दूसरी ओर विक्रेता द्वारा गरीबों का राशन चवे मशीन से घटाकर अपना पेट भर रहे हैं मामला पन्ना जिले की पवई विधानसभा की ग्राम पंचायत गजंदा का जहां पर ग्रामीणों ने शासकीय उचित मूल्य गजंदा के विक्रेता छोटे लोधी पर ग्रामीणों गंभीर आरोप लगाते हुए बताया गया कि विक्रेता द्वारा हमारे पिछले तीन माह से विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन से राशन घर घर जाकर घटा लिया जाता था और ग्रामीणों राशन नही दिया जाता था विक्रेता से पूछने पर बोल देता था कि इस माह का राशन खत्म हो गया है। अगले माह दे दूंगा कई लोगों को पिछले छह माह से राशन नहीं दिया जा रहा है। उक्त मामले की जांच खाद्य निरीक्षक मेघा चन्देल द्वारा की गई। इस मौके पर ग्रामीणो ने बताया कि राशन नहीं मिल रहा है। मामले की जांच चन्देल द्वारा करते हुए तत्काल कार्यवाही की रिपोर्ट एसडीएम तथा जिला खाद्य अधिकारी को भेज दी गई है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का किया आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा भोपाल द्वारा जारी मासिक कैलेंडर के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ.एस.पी. एस परमार एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. सचिन गोयल के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन महाविद्यालय कला भवन के मुख्य हाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस.पी.एस परमार एवं डॉ देवव्रत सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस दिन का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाना और इसे सामान्य चर्चा का विषय बनाना है, यह मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस दिन के माध्यम से लोग मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होते हैं, यह दिवस मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करता है। विषय प्रस्तावना रखते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ सचिन गोयल ने विद्यार्थियों को इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों से जुड़े सामाजिक कलंक के खिलाफ़ वकालत करने के लिए मनाया जाता है। सन् 1992 में विश्व मानसिक दिवस का शुभारंभ हुआ था। जिसे डेढ सौ देशा मे मनाया जाता है। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. सचिन गोयल द्वारा इस प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया जिसमे प्रथम स्थान दीपाली गुप्ता, द्वितीय स्थान सानया सिंह बघेल एवं तृतीय स्थान सुमन बागरी को प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. बी.एन. जायसवाल एवं आभार प्रदर्शन डॉ. कविता परवंदा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ समीक्षा सिसोदिया, डॉ श्वेता ताम्रकार, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ सदस्य डॉ अनुराधा चौरसिया, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्कूटी ने मारी टक्कर, महिला बुरी तरह घायल, जबलपुर रेफर

पन्ना/जिले में तेज रफ्तार वाहन चालको द्वारा आये दिन घटनाए घटित की जा रही है। इसी प्रकार का मामला गुनौर थाना अन्तर्गत ग्राम सलगढा का प्रकाश में आया है। जहां पर एक तेज स्कूटी चालक द्वारा महिला को टक्कर मार दी गई। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। जानकारी के अनुसार प्रार्थीया जीरा बाई यादव पति सूरज यादव नें गुनौर थाना में आवेदन देते हुए बताया कि मेरी सास गणेशिया बाई पति कमला प्रसाद यादव दिनांक 13 अक्टूबर को समय सात बजे शौच क्रिया करके घर आ रही थी। उसी दौरान स्कूटी चालक नीरज चौधरी निवासी चिकलहाई द्वारा स्कूटी क्रमांक एमपी 35 जेड ए 5660 द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। जिससे गणेशिया बाई यादव बुरी तरह घायल हो गई। तत्काकल लोगो द्वारा स्कूल चालक को पकड़ लिया गया तथा गुनौर थाना पुलिस को सूचना दी गई। उक्त महिला की शिकायत पर स्कूटी चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 286/2024 दर्ज कर लिया गया है। लेकिन चालक नीरज चौधरी का नाम उक्त पुलिस द्वारा किये गये मामले में दर्ज नहीं किया गया है। जबकी पीड़ित महिला बुरी तरह घायल है तथा उसका ईलाज जबलपुर अस्पताल मे चल रहा है। पुलिस ने उक्त मामले में अपराध धारा 281, 125 (क) व्हीएनएस एमबी एक्ट के तहत मामला कायम किया है। लेकिन पुलिस ने संबंधित मामले मे चालक नीरज चौधरी का नाम लेख नहीं किया गया है।

# ऑटो से गिरा स्कूली छात्र घटना स्थल पर हुई मौत

## सिमरिया थाना क्षेत्र की घटना

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/आटो से स्कूल जा रहा छात्र अचानक गिर गया और उसके उपर आटो का पहिया चढ़ गया। जिसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिमरिया थाना अंतर्गत गनियारी ग्राम निवासी शुभास सेन उम्र लगभग 12 वर्ष प्रतिदिन की तरह आटो से सिमरिया इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल जा रहा था। जो कक्षा छठवीं में पढ़ता था,



दिनांक 14 अक्टूबर को स्कूल पंहुचने के पहले ही आटो से गिरकर मौत हो गई। सिर में गंभीर चोट आने के कारण स्वास्थ केन्द्र भी ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर द्वारा देखते ही मृत घोषित कर दिया गया। बताया जाता है कि घटना होने के तत्काल बाद आटो चालक बच्चो से भरी आटो छोड़कर फरार हो गया। ज्ञात हो कि विभिन्न निजी विद्यालयों मे पढनें वाले छात्रो को आटो ई रिक्शा मनमाने ढंग से ठूंस ठूंस कर बच्चो को भरते है जिससे इस प्रकार की घटनाए घटित हो रही है। गौरतलब है कि स्कूली छात्र छात्राओं को आटो ई रिक्शा तथा अनय इस प्रकार के वाहनो मे ले जाने का कोई नियम निर्देश भी नहीं हैं। छात्रो को लाने ले जाने के लिए बकायदा स्कूली बसे एवं बैन निर्धारित है। जिसमें सभी प्रकार के नियम कानून लाने ले जाने के लिए निर्धारित है। लेकिन पन्ना जिले में मनमाने ढंग से असुरक्षित रूप से आटो ई रिक्शा छात्रो को स्कूल लाते ले जाते हुए देखे जा सकते है। इस संबंध में अनेको बार पुलिस यातायात विभाग तथा परिवहन विभाग द्वारा अभीयान चलाकर चलानी कार्यवाही भी की है। लेकिन इसके बावजूद इस प्रकार के वाहनो में विद्यालयों के छात्र छात्राओं को स्कूल आने जाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रदेश तथा देश में अनेक प्रकार के कानून बनें हुए है लेकिन उसका पालन स्थानीय स्तर पर नहीं हो रहा है। जिससे इस प्रकार की घटनाए सामने आ रही है।

## प्रदेश में लगातार बालिकाओं एवं महिलाओं के ऊपर हो रहे अत्याचार को लेकर कांग्रेस कमेटी ने क्षेत्रीय विधायक को सौपा ज्ञापन



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मध्य प्रदेश में लगातार महिलाओं, बालिकाओं के उपर दुष्कर्म, बलात्कार, अत्याचार की घटनाए लगातार हो रहीं है तथा प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं अपराधो को रोकनें में पूरी तरह नाकामयाब साबित हो रहीं है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश भर में जिला कांग्रेस कमेटियों तथा ब्लाक कांग्रेस कमेटियों को निर्देश जारी किये गये थे की क्षेत्रीय विधायको को ज्ञापन देकर अपराध रोकने की दशा में प्रयास करें तथा सोये हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव को जगाने का काम करें। इसी तारतम्य मे पन्ना जिला मुख्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा के नेत्रत्व में क्षेत्रीय विधायक तथा पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह को उनके आवास पर पंहुचकर ज्ञापन दिया गया तथा प्रदेश में महिलाओं, नाबालिग बच्चियां के खिलाफ हो रहे अत्याचार, बलात्कार को रोकने की दशा मे अपनी सरकार से कार्यवाही कराने का आग्रह किया है। ज्ञापन देने वालो में अजयगढ़ ब्लाक अध्यक्ष दादूराम मिश्रा, पन्ना अक्षय तिवारी, उपाध्यक्ष शशिकांत दीक्षित, मार्तदण्डदेव बुन्देला, जगतपाल सिंह, भूपेन्द्र सिंह परमार, पार्षद रेहान मोहम्मद, वैभव थापक, युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र अवस्थी, राजेश छिरोल्या, जलील मोहम्मद, अभीषेक चौरसिया, राम लाल पटेल, राज बहादुर पटेल, जीतेन्द्र जाटव, सरदार यादव, रियासत खान, नरेन्द्र विश्वकर्मा, राकेश शर्मा, सहित भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## सड़क दुर्घटना में युवक बुरी तरह घायल

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के अमानगंज थाना अन्तर्गत द्वारी के पास मोटर साईकिल चालक सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गया है। जिसको गंभीर हालत मे स्वास्थ केन्द्र अमानगंज एम्बुलेंस के माध्यम से भेजा गया है। जानकारी के अनुसार राजकुमार आदिवासी निवासी खजरी कुड़ार अमानगंज जा रहा था। उसी दौरान अनियंत्रित हो कर वह सड़क के नीचे गिर गया जिससे बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरो द्वारा एम्बूलेंस वाहन को सूचना दी गई। एम्बूलेंस वाहन घायल को स्वास्थ केन्द्र अमानगंज पंहुचाया गया।

# जिन किसानों ने एनपीके, नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया इस्तेमाल किया था उनके परिणाम बहुत अच्छे आये है, यह डीएपी से अधिक फायदेमंद-कलेक्टर श्री कोचर

## -श्री कोचर ने कहा पूरे प्रयास किये जा रहे हैं कि किसानों को खाद का अग्रिम भंडारण करा दिया जाये -डबल लॉक केन्द्रों पर भी खाद की पर्याप्त व्यवस्था

**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 14 अक्टूबर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के किसान भाइयों-बहनों से कहा है, अब नवरात्रि का पर्व विजयादशमी हो चुका है। अब किसान भाई बोनी के लिए तैयार होंगे। आप सभी किसान भाईयों को पता है, पूरे विश्व में डीएपी का संकट हैं। दुनिया भर में डीएपी की आपूर्ति नहीं हो पा रही हैं, इसलिए इस वर्ष दमोह में भी डीएपी का संकट बने रहने की संभावना हैं। उन्होंने कहा पूरे प्रयास किये जा रहे है किसानों को खाद का अग्रिम भंडारण करा दिया जाये, जितना अधिक से अधिक हो सके, इसके साथ में डबल लॉक केंद्रों पर भी खाद की पर्याप्त व्यवस्था की हैं, किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा किसान भाईयों से आग्रह हैं कि डीएपी की चूंकि कमी है। इसीलिए उसके विकल्प के रूप में एनपीके, नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया उपलब्ध हैं और पिछले सीज़न में जिन किसानों ने इन्हें इस्तेमाल किया था। उनके परिणाम बहुत अच्छे आए है, सभी किसान भाई भी एनपीके, नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का इस्तेमाल अधिक से अधिक करें और यह बिल्कुल भी नुकसान देह नहीं है, बल्कि यह डीएपी से अधिक फायदेमंद हैं, उन्होंने कहा फसलों के लिए क्योंकि इनसे फसलों को भरपूर पोषक तत्व जो चाहिए होते है वो सारे मिलते हैं।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा डबल लॉक केंद्र जहां पर आप जाते है, आपकी सुविधा के लिए हर जगह चार-चार काउंटर बनाये जा रहे है और जो निजी विक्रेता है, उनका एक काउंटर बना रहे है। इस तरह से हर डबल लॉक केंद्र में चार-चार काउंटर रहेंगे, इस प्रकार से नंबर बहुत जल्दी आएगा, किसान भाईयों को परेशान होने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा सभी संबंधितों को निर्देशित किया गया है कि प्रातः 09 बजे से केंद्र खुलेंगे, पहले प्रातः 10 बजे खुलते थे, अब इनको 09 बजे से खोला जायेगा, ताकि सभी किसान भाईयों को सहूलियत हो जाए। इसके अलावा आपकी सहायता के लिए टोकन सिस्टम रहेगा। केन्द्रों पर विशेष जांच दल और अधिकारी सब मौजूद रहेंगे।

कलेक्टर श्री कोचर ने किसान भाईयों से आग्रह करते हुये कहा बिल्कुल भी इस मामले में जल्दबाजी ना की जाये। पर्याप्त खाद समय पर मिलेगा, अपना टोकन लेकर निश्चितता से बैठ जाए। जैसे ही नंबर आएगा, खाद उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने कहा पूरा विश्वास है यदि यह सब व्यवस्थाएँ ठीक से बना के रखते हैं, हमारा खाद वितरण बहुत शांतिपूर्ण और बहुत व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो पाएगा। इस व्यवस्था में आप सब के सहयोग की आवश्यकता है।

# नव जागृति हायर सेकेण्डरी स्कूल दमोह द्वारा वसूल की गयी अनुचित फीस 61 लाख से अधिक वापस किए जाने के आदेश हुए जारी

## अधिरोपित की गयी 2 लाख रूपये की शास्ति, 15 दिवस के भीतर ऑनलाईन जमा करनी होगी

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 14 अक्टूबर। नव जागृति हायर सेकेण्ड्री विद्यालय प्रबंधन द्वारा अनुचित फीस वृद्धि करके सत्र 2022-23 से सत्र 2024-25 तक 61 लाख 87 हजार 2 सौ 80 रूपये की अतिरिक्त राशि वसूल करने के आरोप में कलेक्टर एवं जिला समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव जिला समिति एसके नेमा ने निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों के विनियमन हेतु विद्यालय प्रबंधन द्वारा अनुचित रूप से वसूल की गयी फीस को 30 दिवस के भीतर विद्यार्थियों/अभिभावकों को वापस किए जाने के आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेशानुसार अतिरिक्त विद्यालय प्रबंधन द्वारा अनुचित फीस वृद्धि करने, चयनित पुस्तक विक्रेताओं से पुस्तकें क्रय करने हेतु विद्यार्थियों/अभिभावकों को बाध्य किए जाने तथा म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं इसके अन्तर्गत निर्मित नियमों के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन किए जाने के फलस्वरूप विद्यालय प्रबंधन पर 2 लाख रूपए की शास्ति भी जिला समिति द्वारा अधिरोपित की गयी है। अधिरोपित शास्ति 15 दिवस के भीतर आयुक्त लोक शिक्षण के खाते में ऑनलाईन जमा करने के आदेश भी जारी किए गए है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया निजी विद्यालयों में निजी प्रकाशकों की संचालित पुस्तकों के डुस्क्रह एवं पोर्टल पर प्रविष्ट की गयी फीस तथा संबंधित विषयों के दस्तावेजों की जांच हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा जारी किए गए आदेश द्वारा गठित जांच दल द्वारा नवजागृति हायर सेकेण्डरी स्कूल दमोह द्वारा सत्र 2024-25 में अनुशंसित की गई पुस्तकों के डुस्क्रह एवं फीस तथा संबंधित विषयों से संबंधित दस्तावेजों की जाच की गयी।

उन्होंने बताया जांच उपरान्त विद्यालय प्रबंधन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण की गहन जांच उपरान्त अनुचित फीस वृद्धि किए जाने एवं चयनित पुस्तक विक्रेताओं से पुस्तकें क्रय करने हेतु विद्यार्थियों/अभिभावकों को बाध्य किए जाने का तथ्य सामने आया।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की अनुचित फीस वृद्धि कर विद्यार्थियों/अभिभावकों से सत्र 2022-23 में 1613 विद्यार्थियों से 11 लाख 27 हजार 8 सौ रूपये, सत्र 2023-24 में 1604 विद्यार्थियों से 23 लाख 9 हजार 520 रूपये एवं सत्र 2024-25 में 1482 विद्यार्थियों से 21 लाख 51 हजार नव्वे रूपये तथा हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों की अनुचित फीस वृद्धि कर सत्र 2022-23 में 376 विद्यार्थियों से 1 लाख 9 हजार 8 सौ 70 रूपये,सत्र 2024-25 में कम्प्यूटर की फीस के नाम 489 विद्यार्थियों से 4 लाख 89 हजार रूपये अनुचित फीस वसूल की गयी।

# 72 बल्क लीटर अवैध मदिरा एवं 1800 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद

## 10 प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 14 अक्टूबर। जिला आबकारी अधिकारी दमोह के निर्देशन में शुष्क दिवस पर के. पी. गांधी सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में जबलपुर नाका दाल मिल, पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे कुचबंदिया मुहल्ला, ग्राम किल्लाई, व पथरिया फाटक में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 72 बल्क लीटर अवैध मदिरा एवं 1800 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर विधिवत जप्त कर 10 प्रकरण आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए। जिला आबकारी श्री खरे ने बताया शहर गस्त कर दमोह बायपास स्थित ढावों की तलाशी तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक अनुरोध सेन, आबकारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार गोंड, आबकारी आरक्षक जगदम्बा पांडे, हरिसिंह घुरैया, छोटेलाल चौरसिया, तपिश हल्वी, अरविंद जाटव, भूपति सिंह व महिला आबकारी मेघा अहिरवार व राजू राय नगर सैनिक सहयोगी रहे।



# सभी तहसीलों में हितग्राही ई-जनसुनवाई से जुड़ेंगे -कलेक्टर श्री कोचर

*परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 14 अक्टूबर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है हर मंगलवार को जनसुनवाई होती है, आज मंगलवार को फिर से जनसुनवाई है और जनसुनवाई में हमने पिछली बार एक नया फीचर ई-जनसुनवाई का जोड़ा था, इस बार भी हमारे सभी तहसीलों में हितग्राही तहसील कार्यालय से जुड़ेंगे और वहीं संबंधित विभाग जिसकी उनकी शिकायत है, संबंधित विभाग के अधिकारी भी तहसील में बैठेंगे, तहसीलदार भी बैठेंगे। सभी लोग वहीं बैठकरके और इलेक्ट्रॉनिकली चर्चा करेंगे और उसी में इसका समाधान कराया जायेगा।*



कलेक्टर श्री कोचर ने कहा पांच से 10 हितग्राही ऐसे है जिनको की ई-जनसुनवाई के माध्यम से सुनें और तहसील मुख्यालय पर ही वह हितग्राही भी आएँगे और संबंधित विभाग के अधिकारी भी वहीं उनके बगल में बैठेंगे ताकि इसका समाधान जल्दी से जल्दी किया जा सके। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इस बार एक काउंटर हमने सीएम हेल्पलाईन और दमोह हेल्पलाईन का लगाया। सीएम हेल्पलाईन और दमोह हेल्पलाईन के हितग्राहियों को आमंत्रित किया गया हैं जिनकी शिकायतें एस सी, एस टी, ओ बी सी और विमुक्त जाति इन विभागों से संबंधित है। मतलब अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग विभाग और विमुक्त जाति विभाग इन चार विभागों संबंधी शिकायतें जैसे यदि मान लीजिए किसी का बच्चा ट्राइबल हॉस्टल में पढ़ता है, अनुसूचित जाति के हॉस्टल में पढ़ता है या ओबीसी हॉस्टल में पढ़ता है और हॉस्टल में उनकी कोई शिकायतें हैं, किसी प्रकार की छात्रवृत्ति से संबंधित शिकायतें हैं या फिर और कोई भी शिकायत जो की इन विभागों से संबंधित हैं, तो जिन्होंने दमोह हेल्पलाइन में शिकायत की है वह आ सकते हैं। उनको शिकायत की कॉपी लाने की जरूरत नहीं है। वह सीधे आ सकते है। उनका एक काउंटर अलग से होगा दमोह हेल्पलाइन और सी एम हेल्पलाइन का वहाँ पर वह जाएंगे, वहाँ एक व्यक्ति उनकी सहायता के लिए होगा। वह अपनी शिकायत का नंबर या अपनी खुद की बेसिक जानकारी देंगे, उस शिकायत का प्रिंट आउट निकाला जाएगा और उनको एक्स्प्रेसवे से यानी जैसे ही वह आते हैं उनको तत्काल हमारे पास लाया जाएगा और तुरंत उनकी समस्या का समाधान करने का पूरा प्रयास किया जायेगा। इस प्रकार से आज जनसुनवाई की व्यवस्था रहेगी।

# पिछड़ा वर्ग, जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की सुनवाई की जायेगी

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 14 अक्टूबर। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में पिछड़ा वर्ग, जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की सुनवाई भी की जाएगी। जिले के आवेदक जिनकी इन विभागों में शिकायतें लंबित हैं उनके निराकरण किए जायेंगे।

# नवागत सीएमओ ने किया पदभार ग्रहण

## पदभार ग्रहण के पूर्व सुबह लिया सफाई व्यवस्था का जायजा



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 14 अक्टूबर। नवागत मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने सोमवार को नगर पालिका परिषद दमोह में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात नगरपालिका की सभी शाखाओं के अधिकारियों एवं विभाग प्रमुख से बैठक कर चर्चा की पदभार ग्रहण करने के पूर्व प्रातः 6 बजे से शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। स्वास्थ्य अधिकारी सहित संबंधित कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर नवागत सीएमओ ने कहा मेरी प्राथमिकता शहर में सफाई व्यवस्था अच्छी रहे, बकाया कर की वसूली की जाए, शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले, सीएम हेल्पलाइन का निराकरण जल्द हो सके, शहर में जल प्रदाय सुचारू रूप से संचालित रहे। सभी अधिकारी-कर्मचारी समय से नगर पालिका दफ्तर आए आदि कार्य रहेंगे।

# मथुरा महानगर बनायेगा रिकॉर्ड सक्रिय सदस्य-अशोक




**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा विगत कई दिनों से चल रहे भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान अपने अंतिम पड़ाव पर हैं उसी क्रम में आज भाजपा कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं एमएलसी अशोक कटारिया जी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि अशोक जी ने कार्यकर्ताओं को सक्रिय बनने हेतु मार्गदर्शन किया साथ ही भाजपा में कार्यकर्ता की भूमिका के बारे में समझाया।

कार्यशाला की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने की साथ ही कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनने नये सदस्यों को जोड़ने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीकान्त शर्मा ने भाजपा की रीति-नीति,के साथ सभी को ये बताया कि पहली पार्टी ऐसी हैं जो हर 6 साल में सदस्यता समाप्त कर पुन: नये स्तर से सदस्य बनाती हैं जो किसी भी पार्टी में नही हैं। विधायक मेघश्याम सिंह जी ने बताया कि सदस्यता अभियान को लेकर लोगों में उत्सुकता हैं और आम जनमानस भाजपा से जुड़ने में काफ़ी रुचि दिखा रहा हैं।

कार्यशाला में अतिथि के रूप में ज़िला सत्यापन अधिकारी गौरव आर्य जी,क्षेत्रीय महामंत्री नागेंद्र सिकरवार,पूर्व अध्यक्ष चेतन स्वरूप जी,मुकेश खंडेलवाल जी आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन सुनील चतुर्वेदी एवं अतिथियों का स्वागत सदस्यता अभियान संयोजक संजय शर्मा ने किया। कार्यशाला में ज़िला पदाधिकारियों में महामंत्री प्रदीप गोस्वामी,महामंत्री राजू यादव,चन्द्रपाल कुंतल,हेमंत अग्रवाल,अवदेश उपाध्याय,राजेश गुप्ता,पंकज वशिष्ठ,सुरेंद्र प्रधान,मोहन लाल शर्मा,नितिन बंटी,राजेंद्र पटेल,नीरू सक्सेना,अनिल खंडेलवाल, भूपेन्द्र सिंह, विनीत शर्मा, यशराज चतुर्वेदी,राजू चौधरी,ख़ज़ान सिंह, परशुराम सिंह,ओमप्रकाश शर्मा,रामरतन चौधरी, लोकेश निषाद, विक्रम मुद्गल,नंदकिशोर कुंतल, यशपाल सिंह,सुनील तरकर,यज्ञदत्त कौशिक,यतेन्द्र फ़ौजदार,नारायण सिंह,नेत्रपाल चौधरी,राजेंद्र सिंह,प्रिंस गौड़ आदि उपस्थित रहे। मीडिया को समस्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी एडवोकेट ने दी।

# सदस्यता अभियान भाजपा को जनता के और लाएगा करीब- किशन चौधरी



परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर दो सितम्बर से शुरू हुआ भाजपा सदस्यता अभियान का दूसरा चरण 15 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है, जिसको लेकर निरंतर भाजपा के सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता लोगों को अधिक से अधिक पार्टी से जोड़कर उन्हें भाजपा के सिद्धांतों व नीतियों से अवगत करा रहे हैं, इसी श्रृंखला में भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष व केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने केएम विवि के कैम्पस में कार्यरत सभी विवि के प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई है तथा गोवर्धन विधानसभा के ग्राम भदार, पालीडूंगरा आदि गांवों के साथ केएमयू कैंपस मे भाजपा सदस्यता अभियान चलाया।

केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना और भाजपा के सिद्धांतों व नीतियों को जन-जन तक पहुँचाकर नए भारत की संकल्पना को पूरा करने के साथ भाजपा को जनता के और करीब लाएगा और देश के विकास में लोगों की सहभागिता को बढ़ाएगा। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के लोग लगातार जनता को गुमराह कर रहे हैं। इस अभियान के माध्यम से हमें लोगों तक पहुंचकर विपक्ष के झूठ और भ्रम को समाप्त करना है। इस दौरान प्रमुख रूप से कुलाधिपति के साथ विवि के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता, रजिस्ट्रार पूरन सिंह, सब रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ मनोज ओझा, दीपक, रनवीर, वीरेन्द्र, राकेश सहित दर्जनों केएम परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# खजुराहो के पास ग्राम खर्रोही शासकीय हाई स्कूल खर्रोही में बच्चों व बच्चियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण का WESS वैसे प्रशिक्षण दो दिवसीय का हुआ समापन





**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। खजुराहो के ग्राम खर्रोही शासकीय हाई स्कूल में 14 अक्टूबर - बच्चियों एवं बच्चों को सशक्त बनाने की एक सराहनीय पहल में, होटल रेडिसन खजुराहो ने 14 अक्टूबर को एक आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र की मेजबानी की, जो गैर-सरकारी संगठन WESS. द्वारा आयोजित किया गया था। (महिला सशक्तिकरण और सहायता सेवाएँ)। इस आयोजन का उद्देश्य स्कूल बच्चों एवं बच्चियों को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनकी सुरक्षा और आत्मविश्वास सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षा कौशल से लैस करना था। इनके निर्देशन अनुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है उपाध्यक्ष, रेडिसन, खजुराहो एवं शिमला,श्री विकास कपूर द्वारा प्रशिक्षण का संचालन WESS की एक समर्पित टीम द्वारा किया गया, जिसमें वीना गुप्ता, अमनप्रीत कौर, भारती पटवाल, अनुराधा कौशिक, रंजना सिंह, दिवांशु युवा सदस्य जो 9 वीं कक्षा में है और किशोरों के मुद्दे पर बात की और रोमा कक्कड़ शामिल थीं। टीम के सदस्यों ने विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का प्रदर्शन स्कूल में किया और प्रतिभागियों को बच्चों को संभावित खतरों का प्रभावी ढंग से जवाब देने में मदद करने के लिए व्यावहारिक सुझाव साझा किए इस कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल खर्रोही की श्रीमती राजलक्ष्मी शर्मा प्राचार्य, बृजेश कुमार चौरसिया मा.शि. रामबाबू कोरी ,रामनरेश सिंह परिहार ,श्रीमती सुषमा चौरसिया,मकुन्दी पटेल अतिथि शिक्षक ,नीरज मिन्ना अतिथि शिक्षक ,कु. सीता तिवारी अतिथि शिक्षक, स्कूल संस्था के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। WESS. के प्रतिनिधि। होटल रेडिसन टीम के साथ विजया दत्त त्रिपाठी (महाप्रबंधक) अजय विक्रम सिंह (एचआर मैनेजर) ने बच्चों एवं बच्चियों को सशक्त बनाने और एक सुरक्षित समुदाय बनाने में आत्मरक्षा प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को खूब सराहा गया, प्रतिभागियों ने सत्र के दौरान हासिल किए गए मूल्यवान कौशल के लिए स्कूल प्रार्चाय श्री मती राजलक्ष्मी शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# मतंगेश्वर सेवा समिति दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के सदस्यों ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से की मुलाकात

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। आज बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी से पंडित सुधीर शर्मा के नेतृत्व में मतंगेश्वर सेवा समिति खजुराहो, दादाजी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर, परिवर्तन एनजीओ, होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने एयरपोर्ट पर चंडीगढ़ जाने से पहले मुलाकात कर अर्हम ध्यान योग एवं आयुर्वेदिक कार्यशाला का विदेश यात्राओं का विस्तृत विवरण तथा विदेशों में किये गये कार्यों के वीडियो दिखाएं 18 जून से चातुर्मास कार्यशाला का विवरण दिया जिसमें बागेश्वर धाम के विदेश में रहने वाले शिष्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया एवं सहयोग प्रदान किया प्रतिष्ठित एनआरआई गौतम डायमंड ग्रुप के पंडित विनोद गौतम एंट वर्प के मंगल दीन रजक, फ्रांस के इंजीनियर सुरेंद्र गुप्ता, मुखूतारिया खान एवं इटली की क्यारा, डोलमा योगिनी को भी अपना आशीर्वाद दिया 2 अक्टूबर को हुई ब्रह्मलीन संतों श्री मतंग ऋषि,



सन्यासी बाबा, प्रेम गिरी जी महाराज , पदम सिंह जी महाराज, नारायण महाराज, पूजनीय दद्दा जी, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज, भगवान रजनीश (ओशो), की महाआरती का विवरण सुनकर समिति के सदस्यों को साधुवाद दिया एवं समिति के सदस्यों के द्वारा किये गये कार्यों को खूब सराहा एवं प्रशंशा की उन्होंने हमेशा सहयोग के लिए आश्वासन दिया तथा पंडित श्री शास्त्री जी ने कहा ऐसे कार्यक्रमों से खजुराहो की आध्यात्मिक ऊर्जा की जागृति निरंतर संचालित रहेगी, प्रतिनिधि मण्डल में कपिल सोनी, राकेश रजौरिया, विजय रजक, स्वामी संदीप सोनी, वीरेंद्र सीगोत, दिनेश द्विवेदी राजू राजा शामिल रहे।

# एटीएस किसान पाइप फैक्ट्री सील

## संचालक बोले दिल्ली कोर्ट से आई टीम पर करायेंगे रजिस्टर्ड केस,मेरी फैक्ट्री लीगल चल रही है





छतरपुर। शहर के नारायणपुरा रोड पर स्थित कृष्णा इण्डस्ट्रीज पीव्हीसी, एचडीपी पाइप के निर्माता एवं गवर्मेंट सप्लायर प्रो. सीमा गुप्ता के यहां दिल्ली डिस्टिक कोर्ट से आदेश का हवाला देते हुए कानूनी फर्म नवकार एसोसिएट से वकील नमृता जैन और विजय सोनी सहित 5 सदस्यीय टीम छतरपुर में संचालित फैक्ट्री पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि टीम के द्वारा छतरपुर पुलिस अधीक्षक को सूचना दी गई लेकिन जिला प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दिये बगैर गोदाम फैक्ट्री पर पहुंच कर काम बंद करवा दिया। इसके बाद एसडीएम और तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे लेकिन कानूनी फर्म नवकार एसोसिएट अधिवक्ता ने स्वीकारा कि हमने जिला प्रशासन को जानकारी नहीं दी, एसडीएम की टीम वहां से वापस लौट गई। उनको भी मामले में कुछ संदेश दिखाई दिया।



इसके बाद 5 सदस्यीय टीम ने अपनी कार्यवाही शुरू कर दी। फैक्ट्री में घुस काम करने वाले मजदूरों को धमकाते हुए काम बंद करा दिया। इसके बाद स्वयं लिखा पढ़ी करते हुए देर रात में फैक्ट्री को सील कर दिया। जबकि फैक्ट्री संचालक जानकी गुप्ता का कहना है कि गलत तरीके से कानूनी फर्म नवकार एसोसिएट के द्वारा कार्यवाही की गई है। मेरे पास एटीएस किसान के नाम से रजिस्ट्रेड फर्म है जो मेने भारत सरकार से लिया है। मैने उन्हें दस्तावेज भी दिखाये लेकिन उन्होंने मेरे दस्तावेजों को नहीं माना। कुछ लोग आये है जो अपने आप को दिल्ली कोर्ट से आना बता रहे है। फैक्ट्री संचालक जानकी गुप्ता ने बताया कि किसान का ब्रांड अलग है और हमारा ब्रांड एटीएस किसान के नाम से है। साथ ही हमारा मोनो उनके मोनो से अलग है। लेकिन फिर भी हमारी फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। जानकी गुप्ता ने कहा कि फैक्ट्री को अनलीगल तरीके से सील किया गया। दिल्ली कोर्ट का हवाला देकर जो लोग आये थे उनके खिलाफ रजिस्टर्ड केस करायेंगे साथ ही वह इस मामले को लेकर कोर्ट में भी जायेंगे। बिना जिला प्रशासन के मुझ पर कार्यवाही की गई है कल शिकायत करूंगा।

# शिविर में 50 मरीजों की जांच, 9 को लेंस प्रत्यारोपण के लिए भेजा चित्रकूट

छतरपुर। नगर अग्रवाल समाज एवं नवयुवक मंडल द्वारा सरानी दरवाजा बाहर स्थित महालक्ष्मी मंदिर में सोमवार को दिनेश चंद्र अग्रवाल सर्राफ की स्मृति में उनकी पत्नी कस्तूरी देवी एवं पुत्र दीपक अग्रवाल व संजय उर्फ भोलू अग्रवाल के सहयोग से आयोजित नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में जानकी कुण्ड चित्रकूट धाम स्थित सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टरों की टीम द्वारा 50 मरीजों की आंखों की निशुल्क जांच की गई। जबकि 9 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाए जाने से लेंस प्रत्यारोपण के लिए चित्रकूट भेजा गया।



जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि महालक्ष्मी मंदिर में यह नेत्र शिविर हर महीने की 12 तारीख को लगता है। लेकिन 12 अक्टूबर को विजयादशमी का पर्व होने के कारण इस महीने 14 तारीख को शिविर का आयोजन किया गया।

नेत्र शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के डॉ अरविंद मिश्रा, मनीष यादव, विजय पांडे, ओमकार यादव की टीम द्वारा आँखों की निशुल्क जांच कर मरीजों को आवश्यक सलाह दी गई तथा दवा और चश्मे वितरित किए गए। जिन मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया उन मरीजों को लेंस प्रत्यारोपण के लिए चित्रकूट ले जाया गया। शिविर में मरीजों को भोजन की निशुल्क व्यवस्था की गई तथा खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर अग्रवाल समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर दाऊ, हरि प्रकाश अग्रवाल, अग्रसेन सेवाश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष जय नारायण अग्रवाल, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल सन्नी, संतोष खैरी वाले, कल्लू गठेवरा वाले, कृष्ण कुमार मुन्ना, संतोष नामदेव, सौजन्य गुप्ता आदि ने मरीजों के रजिस्ट्रेशन, जांच, भोजन आदि की व्यवस्था में सहयोग किया।

## श्रीकृष्ण जन्म का जन्म हुआ तो झूम के नाचे श्रोता

छतरपुर। शहर के पन्ना रोड पर पंचवटी ढाबा के पीछे श्रीराम कॉलोनी में पांडे परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में बीते रोज श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई। कथा में जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, वैसे ही उपस्थित श्रोता झूमकर नाचने लगे। वहीं सोमवार को कथा में नंदोत्सव प्रसंग का वर्णन बालव्यास रिद्धेश्वरी देवी जी द्वारा किया गया। आयोजन श्रीमती निशा-राम पांडे ने बताया कि आज 15 अक्टूबर को श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी के विवाह तथा रासलीला का वर्णन किया जाएगा, जबकि कल 16 अक्टूबर को सुदामा चरित्र की कथा सुनाई जाएगी। 17 अक्टूबर को हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं भंडारे के कसाथ आयोजन विराम होगा। उन्होंने शहर के धर्मप्रेमियों से उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# मुख्य सचिव ने व्हीसी के माध्यम से विभिन्न विषयों पर समीक्षा की




छतरपुर। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने भोपाल से व्हीसी के माध्यम से सोमवार को प्रदेश के जिलों एवं संभाग स्तर पर विभिन्न विषयों एवं कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक की। छतरपुर जिले में एनआईसी कक्ष से डीआईजी ललित शाक्यवार, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, एएसपी विक्रम सहित विभागीय अधिकारी व्हीसी के माध्यम से जुड़े रहे।

मुख्य सचिव श्री जैन द्वारा कानून व्यवस्था की स्थिति, सुशासन, खाद एवं आदान की व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति का पर्यवेक्षण, उपार्जन, अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्था, विकास कार्यों एवं निवेश के प्रकरणों को सुगम बनाने सहित अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## ललिता यादव ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र



भोपाल, 14 अक्टूबर। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने आज छतरपुर जिले और छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात कर विकास कार्यों का मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मांग पत्र में शहर के चहुंमुखी विकास के लिए मुख्यमंत्री को कई विकास कार्य प्राथमिकता से कराने का उल्लेख किया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने छतरपुर में विकास कार्यों को कराने का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव क्षेत्र और जिले के विकास के लिए हमेशा सक्रिय रहकर आवाज उठातीं रहतीं हैं और मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री तथा प्रदेश सरकार के मंत्रियों से मिलकर मांग पत्र सौंपतीं रहतीं हैं।

## चोरों ने पीएचई विभाग के कर्मचारी के घर को बनाया निशाना

बिजावर। नगर के डाकखाने चौराहे के समीप बिजावर-छतरपुर मार्ग पर अस्पताल के सामने किराए के मकान में रहने वाले पीएचई विभाग के टेक्नीशियन निवास मंडल के घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोर बीती रात लाखों की संपत्ति चोरी कर ले गए हैं। श्री मंडल ने बताया कि वह दशहरे का त्यौहार मनाने 10 अक्टूबर को पन्ना जिले में स्थित अपने गृह ग्राम गए थे। 13 अक्टूबर की सुबह जब वापिस आए तो मेन गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाने पर ज्ञात हुआ कि गोदरेज का सारा सामान बिस्तर पर बिखरा पड़ा है तथा अलमारी में रखे 5 हजार रुपए की नगदी सहित 4 से 5 लाख रुपए कीमत के आभूषण गायब हैं। श्री मंडल के मुताबिक गोदरेज की चाबी उनके बिस्तर पर तकिए के नीचे रखी हुई थी और चोर ने इसी चाबी से गोदरेज को खोला। चोर ने सिर्फ गोदरेज को ही लक्ष्य बनाया, बाकी पूरा सामान यथावर रखा हुआ मिला है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौका-मुआयना किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालकर मामले की विवेचना शुरु कर दी है।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321